तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 पशुपालकों की सहकारी डेयरी पिल्खा क्षीर में आठ महीनों से लटक रहा ताला



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | B.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (1 years)
साथ इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## प्रेमी व उसके रिश्तेदार के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

# बेगम ही निकली शौहर की कातिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

चनवारीडांड इलाके में पत्रकार रईस अहमद की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी अशोक वाड़ेगावकर ने बताया कि मृतक की पत्नी ने दो युवकों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

एडिशनल एसपी वाड़ेगांवकर ने बताया कि 16 मई की सुबह 6.15 बजे मोबाइल से सूचना मिला कि मौहारपारा चनवारीडांड़ ग्राउंड फारेस्ट डिपो के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा है।

सूचना पर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर सूचना की तस्दीक की गई। मृतक का शव पलट कर देखने पर उसकी पहचान रईस अहमद के रूप में की गई। अज्ञात आरोपी के द्वारा हाथ, मुक्का एवं लात तथा हथियार से मारपीट चोट पहुंचा कर हत्या करना प्रथम दृष्टिया पाया गया। मृतक के भाई नसीर अहमद के द्वारा मौके पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके चचेरा भाई मृतक रईस अहमद का निकाह करीबन 4-5 वर्ष पूर्व मौहारपारा के मो. याकूब की लड़की सफीना के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ था। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक पुत्री पैदा हुई है, जिसकी उम्र 3 वर्ष है। रईस की पत्नी सफीना करीबन 4-5 माह पूर्व गढ़वा झारखंड़ के रहने वाला अलम के लड़का आरजू खान के साथ भाग गई थी, जिसे रईस अपने साथ लेकर मनेन्द्रगढ़ आ गया था। पिछले एक-डेढ़ माह से अपनी पत्नी एवं बच्चों को साथ लेकर मौहारीपारा चनवारीडांड़ में किराए के मकान लेकर रहता था।

15 मई की रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा मृतक के साथ मारपीट कर हत्या कर उसके शव को फारेस्ट डिपो के पीछे ले जाकर फैक दिए थे। रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 159/24 धारा 302 भा.द.सं. कायम किया गया है। पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए. टोप्पो के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान मृतक की पत्नी सफीना से पूछताछ की गई तो बताया कि 15 मई को आरजू के पास फोन कर अपने पति रईस अहमद का हत्या कराने की योजना बनाई।

रात्रि करीबन 2 बजे आरजू नामक युवक अपने बुआ के लड़के खुशी के साथ मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ अपनी मोटर सायकल से आया आने के बाद सफीना के पास फोन किया तो सफीना ने दरवाजा खोला, इसके बाद दोनों युवक मृतक रईस अहमद के बेड रूम में जाकर मृतक को सोते हुए हाथ, मुक्का एवं लात तथा धारदार हथियार से मारपीट कर गले में गमछा बांधकर गला घोट कर हत्या कर दिए तथा साक्ष्य को छिपाने के लिए मृतक के शव को फारेस्ट डिपो के पीछे ले जाकर रख दिए। आरोपिया सफीना खातून पति मरहूम रईस अहमद उम्र 21 वर्ष निवासी मौहारपारा से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त कर आरोपिया के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में धारा 201,120 (बी), 34 भा.द.सं. जोड़ी गई है। आरोपी आरजू खान तथा खुशी की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अमित कौशिक थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़, उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक चेतन राजवाड़े, राकेश शर्मा, किशन चौहान, नईम खान, प्रधान आरक्षक इस्तायक खान, मुमताज खान, हेमंत मिंज, पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, बिनको बहालेन एक्का, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, रवि साहू, हिरत राम, महिला आरक्षक साधना, सरोज एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में हत्या की आरोपी महिला।

## एनएच 43 के ब्लैक स्पॉट का किया गया चिन्हांकन

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन व सुरक्षा की दृष्टि से सुधार हेतु अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एनएच के साथ ही सरगुजा पुलिस, लोनिवि व अन्य विभागों के अधिकारियों ने दुर्घटना जनित स्थानों का निरीक्षण कर सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार की है। कार्य योजना को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। बता दें कि एनएच 43 पर कंक्रीट सड़क निर्माण के बाद वाहनों की रफ्तार बढ़ गई है और इसके साथ ही दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं पीडब्लूडी के संयुक्त तत्वाधान मे जिले मे सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित सिलसिला, नवीन ढाबा झरगवा, कन्या हाई स्कूल बतौली, कुनकुरी घाट पुलिया, शांतिपारा हाई स्कूल, शांतिपारा पुलिया, सेदम हाई स्कूल पुलिया सहित अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों के नेतृत्व मे संयुक्त टीम द्वारा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में समर कैंप का आयोजन



**जनकपुर।** भरतपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शालाओं में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकार इस्माइल खान ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन व मार्गदर्शन में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्कूलों में समर कैंप लगाया जा रहा है। प्रथम चरण में प्राथमिक शाला मसौरा, लाखनटोला, कंजिया, देवगढ़ सहित विभिन्न विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और विभिन्न प्रकार की चित्रकारी, हस्तशिल्प, योगा एवं खेलकूद के गुर सीखकर बच्चे काफी उत्साहित हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग के निर्देशानुसार मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एनालॉग केल्कुलेटर प्रदाय किया जाएगा, इसके साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कुछ सामग्रियों को मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को ले जाने की अनुमति दी गई है। उनमें ये सामग्री शामिल है। कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्ररूप 17 सी भाग 1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची, जो लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है। प्लास्टिक पेन या पेंसिल साथ ले जाने की अनुमति होगी, इसके साथ ही जारी निर्देशानुसार मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा। मतगणना हॉल के भीतर मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण और बीड़ी, सिगरेट, गुटका पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

### मतगणना से पहले 3 जून को होगा ड्राई रन

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को निर्वाचन से सम्बन्धित घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना 01-सरगुजा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारंभ की जानी है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मतगणना कार्य हेतु आवश्यक तैयारी के संबंध में 3 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में ड्राई रन किया जाएगा। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को ड्राई रन के दिन प्रातः 9.30 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में उपस्थित होने कहा है। उन्होंने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों तथा अभिकर्ताओं को भी सूचना देने निर्देशित किया है।

# रिसर्च मेथेडोलॉजी एन्ड एथीक्स विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 16 मई को आईक्यूएसी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला का विषय रीसर्च मेथेडोलॉजी एन्ड एथीक्स रहा। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के वनस्पति विज्ञान संकाय के विभाग प्रमुख डॉ. धनंजय पाण्डेय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य आगंतुक अतिथि एवं समस्त शिक्षकों द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पअर्पित कर की गई। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्राचार्य एवं कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक डॉ. आरएन कच्छप द्वारा दी गई। उन्होंने समस्त ऐसे छात्राएं जो भविष्य में शोध कार्य करना चाहते हैं, उनके लिए कार्यशाला को मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं सार्थकता को विस्तार से बताया।

प्रमुख वक्ता डॉ. धनंजय पाण्डेय ने सहज एवं नैसर्गिक उदाहरणों के माध्यम से शोध कार्य की प्रविधि को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने शोध के दौरान आने वाली कठिनाईयों को किस प्रकार दूर करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, इसको भी समझाया, साथ ही शोध के दौरान नैतिकता को किस प्रकार बनाए रखा जा सकता है, इसके बारे में भी बताया। विभिन्न साफ्टवेयर जो शोध कार्य के दौरान प्रयोग में लाए जा सकते हैं, उनकी भी विस्तार पूर्वक जानकारी को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। शोध कार्य करने के लिए विभिन्न शासकीय संस्थाओं के माध्यम से जो कोष व्यवस्था हो सकती है, उसके बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला के आयोजन सचिव श्रीमती कनकलता पैकरा एवं तकनीकी प्रमुख वरूण कुमार कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ⏭ शेष पेज 4 पर





कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सोशल मीडिया पर बच्चों व महिलाओं की अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। लुंड्रा पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा नाबालिग के चाइल्ड अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला गया था। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लुंड्रा पुलिस ने अमगांव निवासी 27 वर्षीय फ्रांसिस तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारत लाल साहू, सउनि चंद्रप्रकाश केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक नामूल राम, आरक्षक अनिल बड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, अनिल मरावी शामिल रहे।

# आधार कार्ड से मिला गुमशुदा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

चार साल पहले गुम हुआ युवक को ढूंढ़कर वापस लाने में उसका आधार कार्ड कोटाडोल पुलिस के लिए मददगार साबित हुआ है।

- चार साल से था लापता
- राउरकेला से बालक को पुलिस ने किया बरामद

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटाडोल थानांतर्गत ग्राम बसखोहर निवासी 15 जून 2020 को पुलिस थाना कोटाडोल में हरिलाल पंडो पिता सरदार राम पंडो उम्र 37 वर्ष ने कोटाडोल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र राम सुंदर गांव के कुछ लोगों के साथ कमाने के लिए जिला से बाहर गया था। कुछ माह बाद सभी दोस्त वापस अपने घर लौट आए, लेकिन नाबालिग पुत्र रामसुंदर वापस नहीं आया है। उसके साथियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह हमसे रास्ते में कहीं बिछड़ गया है। काफी खोजबीन किए पर पता नहीं चला।

प्रार्थी ने भी काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला, इसलिए थाना आया हूं। सूचना पर पुलिस द्वारा गुम इंसान तथा अपहरण के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा लगातार 2020 से अप्रैल 2024 तक पता तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। अप्रैल माह में गुम इंसान के नाना शिवमंगल पंडो थाना में उपस्थित होकर बताया कि जो नाती गुम है, उसका आधार कार्ड घर पर आया है, इससे मेरे नाती का कुछ पता चल सकता है। इस पर कोटाडोल पुलिस द्वारा आधार कार्ड किस जिला में और किस आधार सेवा केन्द्र में बनवाया गया है।

पतासाजी करते हुए उड़ीसा राज्य के राउरकेला जिला क्षेत्र में होने का पता चला। गुम इंसान राज्य से बाहर के क्षेत्र में पता चलने के कारण बरामद करने पुलिस टीम भेजने के लिए पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर चंद्रमोहन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग से अनुमति लेकर राज्य से बाहर पुलिस दल भेजा गया। पुलिस दल द्वारा गुम बालक राम सुंदर पंडो को बरामद कर परिवार को सुपुर्द किया गया। वर्तमान में बालक की उम्र 22 वर्ष हो चुकी है।



# बच्चों ने सीखी घड़ा बनाने की कला

**बैकुण्ठपुर।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बच्चों में विभिन्न कलाओं एवं प्रतिभाओं के विकास के लिए स्वामी आत्मानंद महलपारा विद्यालय में समर कैंप का आयोजन सुबह 7 से 9:30 बजे तक प्रतिदिन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कलाओं एवं विधाओं का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा।

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समर कैंप में चित्रकला, गायन, वादन, निबंध, कहानी-लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सेजेस महलपारा के बच्चों ने समर कैंप में चेर निवासी कुम्हार चक्रधारी द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की कला का अध्ययन किया। बच्चों ने कुम्हार से मिट्टी के पात्र बनाने को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे। इस मौके पर बच्चों और शिक्षकों ने अपने हाथों से दिया, कुल्हड़ आदि भी स्वयं बनाया। समर कैंप में बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सुबह 1 घंटे योग, सूर्य नमस्कार और व्यायाम करवाया जाता है, इसके अतिरिक्त विभिन्न कला जैसे गायन, वादन, पत्थर पर चित्रकारी, पेपर से पंखा बनाना आदि गतिविधि के साथ जीवन कौशल गतिविधि भी सिखाई जा रही।



घड़ा बनाने की कला सीखते बच्चे।

# आत्मानंद स्कूल केल्हारी में शुरू हुआ बच्चों का समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केल्हारी में 16 मई से समर कैंप की शुरूआत हुई है। समर कैम्प में बच्चों द्वारा समय का सदुपयोग किया जा रहा है। उन्हें सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर मिलेगा, जिसका वो बखूबी लाभ उठाएंगे।

समर कैंप प्रतिदिन सुबह 7 से 9:30 बजे तक संचालित किया जा रहा है। इसमें बच्चों को डांस, ड्रांईग एवं पेटिंग, फनी क्राफ्ट मेकिंग, योगा, खेलकूद आदि गतिविधियों में भाग लेंगे। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल केल्हारी के प्राचार्य आरसी नामदेव ने बताया कि शारीरिक और मानसिक विकास के समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आज से शुरू हुए समर कैंप के आयोजन में बच्चों को योगा, डांस, ड्राइंग, पेंटिंग, क्राफ्ट आदि में भाग लिया। उन्होंने बताया समर कैम्प के प्रति बच्चों में जबरदस्त उत्साह भी नजर आ रहा है। समर कैंप आयोजन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केल्हारी के प्राचार्य आरसी नामदेव के मार्गदर्शन में शिक्षक आलोक कुमार जायसवाल, कुमारी मनीषा, तेरष कुमार, पूजा कुमारी के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



### बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए किया कैंप

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा तरह-तरह की एक्टिविटी कराई जा रही है। इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सम्मिलित की गई है। जैसे बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए योग, व्यायाम, शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि सम्मिलित किया गया, इसके साथ ही चित्रकला, लेखन, पाठन शैली, कैलीग्राफी, हैंडराईटिंग आदि सिखाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा ने बताया कि यह कैंप पूर्णरूप से स्वतंत्र है।



## जिला पंचायत सभागार सहित 91 स्थानों में लगा बीपी, शुगर व हीमोग्लोबिन शिविर

# शासकीय कर्मियों में किसी का बीपी हाई तो किसी का निकला लो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दुनियाभर में आज का दिन वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिन इस गंभीर समस्या के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के मकसद से मनाया जाता है।

हाइपरटेंशन को आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर के रूप में जाना जाता है। भले ही आज का दिन हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को समर्पित है, लेकिन ब्लड प्रेशर से जुड़ी अन्य कई समस्याएं भी इन दिनों लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। हमारी लाइफ स्टाइल और खानपान हमारे ब्लड प्रेशर को काफी प्रभावित करता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय एवं जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर का आयोजन किया गया था। इन शिविरों में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच कराने के लिए आम लोगों के अलावा शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने भी काफी संख्या में पहुंच कर जांच कराए हैं। डॉक्टरों से मिली जानकारी के अनुसार शुगर 1012, बीपी 1012 तथा हीमोग्लोबिन 1012 लोगों ने जांच कराए हैं। इसमें से 40 लोगों को शुगर, 82 लोगों को बीपी होने की शिकायत मिली था। 24 लोगों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई। इन मरीजों को निःशुल्क दवाई दिए गए, ऐसे बीमारियों से बचने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। 30 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले व्यक्ति को अपनी रक्तचाप की जांच निरंतर कराते रहना चाहिए।

शुगर या बीपी को नियंत्रित करने के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच व उपचार कराते रहना चाहिए। ब्लड प्रेशर को प्रभावित करने में खान-पान, बदलते जीवन शैली के अलावा कुछ पर्यावरणीय कारक भी होते हैं। बढ़ते तापमान उन्हीं कारकों में से एक है। देश के ज्यादातर हिस्से में भीषण गर्मी और तेज लू चलने की वजह से ⏭ शेष पेज 4 पर



शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराते कर्मचारी।

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

गर्म और उमस भरे मौसम में ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने और हार्ट हेल्थ को बनाए रखने के लिए सावधानियां महत्वपूर्ण हैं। भले ही प्यास न लगे, फिर भी ब्लड प्रेशर पर गर्म मौसम और ह्यूमिडिटी के प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए बहुत सारा पानी पीकर हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। कैफीन और अल्कोहल से दूर रहना महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये डिहाईड्रेशन का कारण बन सकते हैं। अगर गर्म मौसम में बाहर रहना है, तो ठंडे या वातानुकूलित स्थान पर बार-बार रुकने से अत्यधिक गर्मी से बचने में मदद मिल सकती है। हल्के, हवादार कपड़े पहनते हैं, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, तो आपका शरीर गर्मी को अधिक आसानी से सहन कर सकता है। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में लगे शिविर में डॉ.अनित बखला, डॉ.अंकित परिहार, डॉ. शिल्पा गजपाल, स्टॉफ नर्स सुमित जायसवाल व लैब टेक्नीशियन अंकिता एक्का सहित जिले के 91 शिविरों में उपस्थित डॉक्टरों, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियनों ने बहुत ही जिम्मेदारियों के साथ अपनी सेवाएं दी हैं।

## तकिया उर्स का उद्घाटन करेंगे टीएस सिंहदेव

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को मनाया जाएगा। हजरत बाबा मुरदशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह के सालाना उर्स के मौके पर 20 मई को जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी जबकि 21 व 22 मई को जबरदस्त कव्वाली का मुकाबला होगा। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले कव्वाली मुकाबला के दौरान कार्यक्रम को प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर डॉ. अजय तिर्की करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, जिपं सदस्य राकेश गुप्ता, मोहम्मद इस्लाम, रशीद अंसारी होंगे।

17- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/17/2024 7:28 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा



फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं। कान फिल्म में आन्या टेलर जॉय आइवरी गाउन में जलवा बिखेरा। उन्होंने नेकपीस और बोल्ड मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया। वहीं, क्रिस हेम्सवर्थ ने काली पैंट के साथ बेज सूट में बेहद हेंडसम लग रहे थे। आन्या टेलर जॉय द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए पलों में हेम्सवर्थ उनके साथ मजाक करते नजर आए। लोगों को सोशल मीडिया पर ये जोड़ी खूब पसंद आ रही है। फैंस इनकी जमकर तारीफ कर रहे है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त है। इसमें टॉम बर्क, एंगस सैम्पसन, डैनियल वेबर और नाथन जोन्स भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 24 मई 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने तैयारी



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर छोटी से छोटी जानकारी पाकर फैंस काफी उत्साहित हो जाते हैं। वहीं अब फैंस के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म के पहले गाने को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्माता अब जल्द ही 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की प्रोडक्शन टीम जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों के लिए एक विशेष उपहार तैयार कर रही है, जो अभिनेता के जन्मदिन पर दिया जाएगा। यह उपहार फिल्म का पहला गाना होगा। चर्चा है कि जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर यानी 20 मई, 2024 को फिल्म का पहला सिंगल रिलीज होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के सॉन्ग वीडियो पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि निर्माताओं की ओर से फिल्म के गाने की रिलीज की तारीख से पर्दा कल, यानी 16 मई को उठाया जा सकता है। अब प्रशंसकों को तारीख के खुलासे के इंतजार है। 'देवरा' के जरिए जूनियर एनटीआर ब्लॉकबस्टर हिट 'जनता गैराज' के प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से जुड़े हैं। 'देवरा' जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्मों में पहली फिल्म और जूनियर एनटीआर के साथ उनका पहला सहयोग है। 'आरआरआर' की तरह इस तेलुगु फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी बजट पर बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में सैफ अली खान और राम्या कृष्णा जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। ऐसी खबरें हैं कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टार कास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

## सौतन के प्यार में दीवाने पति को 'मारब चोटी से चोट तो...' का मिला जवाब



भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी डांसर माही श्रीवास्तव ने भले ही फिल्मों में काम न किया हो, लेकिन उनकी पॉपुलेरिटी किसी बड़ी भोजपुरी एक्ट्रेस से कम नहीं है। अब माही श्रीवास्तव का एक नया गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का टाइटल 'मारब चोटी से चोट' है। माही के गाने को गोल्डी यादव ने अपनी मधुर आवाज दी है। इस गाने ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है। माही और गोल्डी के 'मारब चोटी से चोट' गाने को काफी पसंद किया जा रहा है। इस गाने में माही बिल्कुल अलग और खास अंदाज में नजर आ रही हैं। गाने का पिक्चराइजेशन भी बेहद शानदार है। 'मारब चोटी से चोट' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव का देसी ठुमका वाला डांस देख फैंस दीवाने हो रहे हैं। इसके वीडियो में दिख रहा है कि माही का पति परदेस में पैसा कमाने गया है और इधर पति के दूर रहने पर उसे काफी चिंता सता रही है। उसे डर है कि उसका पति परदेस में सौतन के चक्कर में ना पड़ जाए।

## क्लाइमेट चेंज की चिंता

पर्यावरण को समर्पित अमेरिकी कलाकार निकोल डेक्सट्रास अपनी कृतियों से प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को उजागर करती है। पिछले दिनों क्लाइमेट चेंज यानि जलवायु परिवर्तन पर अपना दृष्टिकोण रखने अनूठी डिजाइन के साथ माडल को पेश किया। उनके इस डिजाइन को काफी पसंद किया गया। डेक्सट्रास मानती है कि उनकी छोटी-छोटी पहल से प्रकृति संरक्षण के प्रयासों को गति मिलेगी।




लाइफ स्टाइल

## सनस्क्रीन लगाने से पहले जरूर रखें इन बातों का ध्यान, वरना त्वचा पर दिखेगी टैनिंग

देश में कई जगहों पर लगातार तेज गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। अभी मई का महीना चल रहा है लेकिन धूल भरी आंधी और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना तक दुश्वार हो गया है। लोग जब भी घर से बाहर निकल रहे हैं तो खुद को पूरी तरह से कवर कर रहे हैं, ताकि उन्हें लू न लगे और धूप की हानिकारक किरणों का प्रभाव चेहरे पर न पड़े।

धूप से त्वचा को बचाने के लिए लोग सनस्क्रीन का भी इस्तेमाल करते हैं। सनस्क्रीन लगाने के बाद त्वचा को कई परेशानियों से दूर रखा जा सकता है। अगर आप चाहते हैं कि सनस्क्रीन आपकी त्वचा पर अच्छा प्रभाव दिखाए तो इसका इस्तेमाल करते वक्त कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना है। इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ ही टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको सनस्क्रीन लगाते वक्त रखना है।

सबसे पहले सनस्क्रीन खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये कम से कम 40 SPF की हो। अगर आपकी सनस्क्रीन में कम से कम 40 से ज्यादा एसपीएफ होगा, तभी ये आपकी त्वचा का ध्यान अच्छी तरह से रख पाएगी। सही एसपीएफ वाली सनस्क्रीन आपको सनबर्न से बचाने का काम करती है।



अक्सर लोगों को लगता है कि सनस्क्रीन सिर्फ तभी लगानी होती है जब घर से बाहर जाना होता है, जबकि ऐसा नहीं है। खतरनाक यूवी किरणों का असर आपके घर में रहने के बावजूद त्वचा पर पड़ता है। ऐसे में जब घर पर रहें तब भी इसका इस्तेमाल करें।

सनस्क्रीन लगाते वक्त इसकी मात्रा का खास ध्यान रखें। ज्यादातर लोगों को अपने शरीर को पूरी तरह से ढकने के लिए एक बार में लगभग 28 ग्राम सनस्क्रीन की जरूरत होती है। इसे अच्छी तरह से त्वचा पर लगाने के बाद पहले सूखने दें।

अगर आप धूप में घर से बाहर हैं तो हर दो घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। खासतौर पर अगर आपको पसीना काफी ज्यादा आता है तो बार-बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

## चलन में हैं ऐसे सूट खूब जंचेगे आप पर



फैशन

वैसे तो ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक के कार्यक्रमों में साड़ी पहनना पसंद करती हैं, लेकिन बहुत सी ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। बहुत सी महिलाओं को साड़ी पसंद ही नहीं होती, ऐसे में वो सूट को प्राथमिकता देती हैं। सूट एक ऐसा परिधान है जिसे कैरी करना तो आसान होता ही है और साथ में ये काफी आरामदायक होता है। यही वजह है कि महिलाओं को साड़ी से ज्यादा सूट पहनना पसंद होता है।

आज के समय की बात करें तो आजकल महिलाओं को पाकिस्तानी सूट काफी पसंद आ रहे हैं। कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। इन अभिनेत्रियों में हानिया आमिर से लेकर सबा कमर तक का नाम शामिल है। इनके सूट कलेक्शन आप भी आजमा सकती हैं।



### हानिया आमिर

अभिनेत्री हानिया आमिर को क्यूटनेस के लाखों लोग दीवाने हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक शानदार सूट हैं, जो उनपर काफी जचते भी हैं। अगर आपको ऐसे सूट पसंद हैं तो आप हानिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

### माहिरा खान

माहिरा खान की सादगी पर लोग फिदा रहते हैं। अगर आपको इस तरह के सूट पसंद हैं तो आप माहिरा के इस सूट को कॉपी कर सकती हैं। ऐसे सलवार सूट के साथ अगर आप अपने बालों में गजरा लगाएंगी तो आपका अंदाज प्यारा दिखेगा। इसके साथ ज्वेलरी जरूर पहनें।

### सजल अली

जरूरी नहीं है कि इस तरह के सूट के साथ दुपट्टा पहनना जरूरी है। आप इस तरह से सजल अली के जैसे कुर्ते और सलवार से भी अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं। इस वेल्वेट के सूट में आपका अंदाज प्यारा दिखेगा।

### सबा कमर

सबा कमर को काफी पसंद किया जाता है। आप चाहें तो उनके जैसा अनारकली सूट और उसके साथ शरारा तैयार करा सकती हैं। शरारा बनवाते वक्त ध्यान रखें कि इसमें घेर काफी ज्यादा हो।

## इन गलतियों की वजह से गर्मियों में झड़ने लगते हैं बाल, आप भी जरूर जानें

गर्मी के मौसम में लोग अपनी त्वचा और बालों का काफी ध्यान रखते हैं। त्वचा का ध्यान रखने के लिए लोग तरह-तरह के ऐसे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। त्वचा का ध्यान रखते-रखते कई बार लोग अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं तो आपको अपने बालों का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए बहुत से लोग तो स्पा जाकर हेयर केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। बहुत से लोग जो स्पा नहीं जा पाते वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं।

**बालों की सफाई न करना:** गर्मी के मौसम में समय-समय पर बाल धोना काफी जरूरी होता है। अगर आप अपने बालों की सफाई सही से नहीं करेंगे तो बाल काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं। गंदगी रहने की वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं, जो हेयर फॉल के साथ कई अन्य परेशानियों को जन्म देते हैं।

**टाइट चोटी बनाना:** बहुत सी महिलाएं गर्मी से बचने के लिए बालों की टाइट चोटी बना लेती हैं। ऐसे में भले ही उन्हें आराम मिलता है, लेकिन टाइट चोटी से बालों में काफी पसीना आता है, जिससे बाल कमजोर होते हैं। ऐसे में अपने बालों में टाइट चोटी न बनाएं। उसकी जगह या तो बाल खुले रखें या फिर बालों में हल्की ढीली चोटी बनाएं।



**रूसी की समस्या:** बहुत से लोग गर्मी के मौसम में भी डैंड्रफ यानी कि रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। ये सिर्फ बालों में पसीना आने की वजह से होती है। ऐसे में जब रूसी बालों में हो जाती है तो बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं।


घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा बालों में कुछ बांधे जरूर। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो बाल धूप के संपर्क में आएंगे।

## बेहद खतरनाक होता है नकली आई लैशज लगाना, जान लें इसके नुकसान

चेहरे को खूबसूरत बनाने में आंखों का भी काफी बड़ा योगदान रहता है। ऐसे में कई महिलाएं और लड़कियां तो रोजाना में भी काजल, आईलाइनर और आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट की वजह से आंखों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बहुत सी महिलाएं आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए नकली आई लैशेज इस्तेमाल करती हैं, जिससे आंखें बड़ी और प्यारी दिखती हैं।

एक समय था जब नकली आई लैशेज वो महिलाएं ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जिनकी पलकें घनी नहीं होतीं, लेकिन आज के समय हर महिला आंखों को बड़ा और प्यारा दिखाने के लिए नकली आई लैशज का इस्तेमाल करती है। भले ही इनसे आप खूबसूरत लगने लगें, लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी नकली आई लैशेज लगाती हैं, तो पहले इसके साइड इफेक्ट के बारे में जरूर जान लें।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतरा:** बाजार में मिलने वाले नकली आई लैशज का इस्तेमाल करने से भले ही आप कुछ वक्त के लिए खूबसूरत दिखने लगें लेकिन ये आपकी आंखों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। इनको लगाने से आंखों में इंफेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि इसका इस्तेमाल न ही करें।



**आंखों में जलन:** वैसे भी प्रदूषण की वजह से आंखों में तमाम तरह की परेशानी होती रहती हैं। ऐसे में अगर आप नकली आई लैशेज का इस्तेमाल करेंगी तो आपकी आंखों में जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कई बार महिलाएं पैसे बचाने के लिए सस्ते आइ लैशेज का इस्तेमाल कर लेती है। इसमें लगने वाला ग्लू आंखों में ड्राईनेस की वजह बनता है।

कार्नर न्यूज

### साड़ी पहनना पसंद है, तो इसके डिजाइन में थोड़ा बदलाव करें

## रेड बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को करें ट्राई, नजर आएंगी सबसे अलग



साड़ी का फैशन कभी खत्म नहीं होता। फैशन ट्रेंड के बदलते ही अलग-अलग डिजाइन मार्केट में आते रहते हैं। साथ ही, कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। बांधनी साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में है। इस डिजाइन की साड़ी पहनने में आसान होती है। साथ ही, पहनने के बाद कम्फर्टेबल रहती है। आप इसमें रेड कलर ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। जिसमें आपको वर्क अलग-अलग मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन आप रेड कलर साड़ी में ट्राई कर सकती हैं।

**गोटा पट्टी वर्क के साथ साड़ी :** अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है, तो इसके लिए आप रेड कलर बांधनी साड़ी में गोटा पट्टी वर्क वाले डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें जो साड़ी होती है, वो प्लेन होती है। बस आपको गोटा वर्क बॉर्डर पर मिलता है, जिससे साड़ी अच्छी लगती है। आप भी किसी फंक्शन या त्योहार पर इस तरह की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड बांधनी साड़ी विद मिरर वर्क गोटा:** रेड कलर ज्यादा हाइलाइट नहीं करना तो ऐसे में आप कॉन्ट्रास्ट डिजाइन के साथ आप इस साड़ी को खरीद सकती हैं। इसमें आपको रेड कलर के साथ मिरर वर्क गोटा मिलेगा। इससे साड़ी यूनिक और अलग लगेगी। साथ ही, जो डिजाइन बीच में डिजाइन मिलेगा। उसमें भी गोटा वाले कलर को इस्तेमाल किया गया होगा, ताकि रेड कलर बांधनी साड़ी अच्छी लगे। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 300 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड कलर बांधनी साड़ी:** अगर आपको गोटा वर्क या हैवी बॉर्डर साड़ी पसंद नहीं है, तो इसके लिए आप इस तरह की सिंपल साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। रेड के साथ येलो कलर कॉम्बिनेशन अच्छा लगता है। साथ ही, यह साड़ी में एक ग्रेस ऐड करता है। आप इसके साथ प्लेन रेड ब्लाउज को वियर करें।

इससे साड़ी और भी अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इस बार रेड कलर बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को ट्राई करें। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अलग नजर आएंगी। मार्केट से खरीदने पर आपको इसमें ऑप्शन भी कई सारे मिल जाएंगे।



17- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/17/2024 7:30 PM Page 1



# ऐश्वर्या का 'कॉन फेस्टिवल' में हुआ भव्य स्वागत

*77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय भी हिस्सा ले रही हैं। वे बेटी आराध्या के साथ फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची हैं। जब अभिनेत्री कांस पहुंचीं तो वहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके भव्य स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।*

एजेंसी ▶▶ पेरिस

सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया। फैंस का प्यार देखकर ऐश्वर्या के चेहरे पर भी मुस्कान तैर आई। ऐश्वर्या राय कई बार कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले चुकी हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2002 में कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। इस बार भी वे फेस्टिवल में चार चांद लगाएंगी। ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या बच्चन को 16 मई को फ्रांस के कान्स में होटल मार्टिनेज में स्पॉट किया गया।

ब्लैक और ब्लू कलर के आउटफिट में ऐश्वर्या काफी स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ब्लैक पैंड और स्वीटशर्ट में नजर आईं। बीती रात ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हुए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। लेकिन, ऐश्वर्या की तस्वीरों ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। उनके हाथ में चोट लगी है। वे चोटिल हाथ के साथ फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची हैं। फेस्टिवल के रेड कार्पेट में ऐश्वर्या जलवा दिखाती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय कान वर्ष 2003 में कान फिल्म फेस्टिवल की जूरी में भी शामिल हो चुकी हैं।





## आन्या -क्रिस ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा



फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# डाइटिंग कल्चर को दिया था बढ़ावा



**लॉस एंजिलिस।** ओपरा विन्फ्रे हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक हस्ती हैं। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं। वे जो भी करती हैं उनके फॉलोवर्स उनकी बात को ध्यान से सुनते हैं और मानते भी हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे माफी मांगती नजर आईं। इन दिनों डाइटिंग-कल्चर को लेकर पूरी दुनिया में बहस चल रहा है। लोग स्वस्थ जीवन और वजन को लेकर काफी सजग हो रहे हैं। पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे ने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने डाइटिंग-कल्चर को बढ़ावा दिया है। मैं इसके लिए शर्मिंदा हूं।




# 'सिंगर की पत्नी' का टैग दिए जाने से नाराज हैं सोफी

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की जानी मानी एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ वक्त से चर्चा में हैं।एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने सिंगर जो जोनस के साथ अपने तलाक के बारे में बात की है।इसके अलावा उन्होंने प्रियंका चौपड़ा, निक जोनस और जोनस फैमिली के साथ अपने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बताया। सोफी का कहना है कि जो संग अपनी शादी के दौरान उन्हें इस बात से नफरत थी कि उन्हें और बाकी दो जोनस ब्रदर्स निक और केविन की पत्नियों को, सिर्फ पॉपुलर सिंगर की पत्नियां बुलाया जाता था। सोफी टर्नर ने कहा, 'तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों पर काफी ध्यान दिया जाता था। हमें हमेशा उनकी पत्नियां कहा जाता था और मुझे इस बात से बेहद नफरत थी यह प्लस वन वाली फीलिंग थी'. हालांकि सोफी ने सफाई देते हुए कहा कि उनके एक्स हसबैंड जो जोनस ने उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं करवाया।



# मंदिर में शॉट्स पहने पहुंचीं अंकिता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कैमरामैन वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अंकिता का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह काफी प्यारी लग रही हैं। हालांकि उन्होंने इस वीडियो में बताया है कि उन्हें चोट लग गई है। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए वीरल ने कैप्शन में बताया है कि यह वीडियो एक मंदिर का है। वीडियो में अंकिता लोखंडे मंदिर के दर्शन करके आ रही होती हैं। इस दौरान पैपराजी उनकी फोटो लेते हैं वह कहती हैं उन्हें चोट लगी है। रहने दो मैं मंदिर से आई हूं। इसके बाद वह कार में बैठकर चली जाती हैं। अब अंकिता का ये वीडियो वायरल होने हो गया है। वहीं वीरल के पोस्ट पर नेटिजन्स उनकी क्लास लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह शॉट्स पहन कर मंदिर कैसे जा सकती हैं।



# 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।इस बीच मेकर्स साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने एक्टर के दूसरे लुक को भी रिवील कर दिया है। पहले पोस्टर में कार्तिक मिट्टी से लथपथ दिखे थे. वो लंगोट पहने भाग रहे थे। अब दूसरे पोस्टर में एक्टर का अलग ही अवतार नजर आ रहा है। नए पोस्टर में कार्तिक बॉक्सर बने हुए हैं। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन की कमिटमेंट और कोशिश उनके कमाल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में साफ देखी जा सकती है। शुरू से ही कार्तिक आर्यन और कबीर खान दोनों ने फिल्म में किरदार के लिए एक ऑथेंटिक रेसलर की फिजिक का लक्ष्य रखा था, और दूसरे पोस्टर में उस विजन को साफ देखा जा सकता है।

## टीवी मसाला

# पर्सनल लाइफ में घुसना है रियलिटी शो : आमिर अली

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर आमिर अली यूं तो कई रिएलिटी शोज का हिस्सा रहे हैं।लेकिन झलक दिखला जा 11 का एक्सपीरियंस उनके लिए बेहद अलग था. वो इसे अपना लास्ट रिएलिटी शो भी बताते हैं।



आमिर के मुताबिक मेकर्स उनकी पर्सनल लाइफ को दिखाने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे, ना कि उनका डांस. एक्टर ने रिएलिटी शोज से तौबा कर ली है। आमिर ने एक इंटरव्यू में कहा- झलक दिखला जा...का एक्सपीरियंस अलग था। वो इतना चाहते थे जो मैं दे नहीं सकता था। वो मेरी पर्सनल लाइफ को दिखाना चाहते थे, जो मैं नहीं कर सकता था। रिएलिटी शोज आजकल बहुत बदल गए हैं। मुझे याद है मैं जब नच बलिए कर रहा था। वो लोग एक ईद स्पेशल कर रहे थे। उन्हें दिखाना था, लेकिन ईद एक हफ्ते बाद था। मैं इतना इनोसेंट था कि कहा ईद अगर एक हफ्ते बाद आ रहा है तो मैं इतना नकली नहीं हो सकता कि एक हफ्ते पहले दिखा दूं। मैं इतना मासूम था. मुझे लगता है कि भगवान मुझपर मेहरबान थे, जो फिर भी मुझे प्रोजेक्ट मिल जाते थे। लेकिन अब वक्त इतना बदल गया है कि रिएलिटी शोज आपकी निजी जिंदगी में घुसने लगे हैं। चीजें काफी पर्सनल हो गई हैं।वो मैं उन्हें नहीं दे सकता, जो उन्हें चाहिए।

## सुपरस्टार सिंगर 3' में गेस्ट बनकर पहुंचीं

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि वह तीन साल की उम्र में म्यूजिक और डांस से जुड़ गई थीं।. 1983 में 'पेंटर बाबू' से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली मीनाक्षी शेषाद्रि ने चार भारतीय क्लासिकल डांस फॉर्म्स 'भरतनाट्यम', 'कुचिपुड़ी', 'कथक' और 'ओडिसी' में ट्रेनिंग ली। दरअसल, बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' में 'मीनाक्षी शेषाद्रि स्पेशल'गेस्ट के तौर पर शो में शामिल हुईं और अपने करियर के कुछ किस्से साझा किए। इस एपिसोड में हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले 9 साल के निशांत गुप्ता ने कैप्टन मोहम्मद दानिश के साथ फिल्म 'लक बाय चांस' के गाने 'बावरे' पर परफॉर्म किया। मीनाक्षी ने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह हर किसी के लिए शानदार परफॉर्मेंस थीं। उत्साह साफ देखने को मिल रहा था, हम सभी वहीं खड़े थे और ताल पर थिरक रहे थे, यह सचमुच जबरदस्त था।' 60 साल की एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आज इस स्टेज पर खड़े होकर, इन छोटे बच्चों को देखने के बाद, मुझे अपना बचपन याद आ गया है।



# जी 5 ने 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का किया प्रीमियर

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर जी 5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा - 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब 'बस्तर' को विशेष रूप से जी 5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं! 'बस्तर' एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है। आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, 'बस्तर' इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नजर डालती है। गुमनाम नायकों के आतंकवाद से लड़ने तथा अधिकारियों की निजी मुश्किलों और नक्सली समुदाय के खिलाफ उनकी साहसी जंग को गहराई से जानने के लिए जी 5 पर बस्तर को अवश्य देखें। यह फिल्म अब हिंदी और तेलुगु में भी उपलब्ध है। जी 5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, 'जी 5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं। 'बस्तर' हमारे कंटेंट लाइनअप में जोड़ी गई एक जोरदार फिल्म है, जो नक्सली विद्रोह जैसे संवेदनशील मुद्दे के साथ ईमानदारी से निपटती है।




# गंजे हो गए सलमान खान? बाल्ड लुक में वायरल हुई शर्टलेस तस्वीर

**नई दिल्ली।** सलमान खान इस समय अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे देश के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं लेकिन हाल के सालों में उनकी कोई फिल्म फैंस को ज्यादा इंप्रेसिव नहीं लगी। लिहाजा उनके चाहने वाले फिर भी उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता की एक पुरानी तस्वीर रेडिट पर वायरल हो गई है जिसमें वो गंजे लुक में हैं और ऋतिक रोशन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अब वायरल हो रही तस्वीर में सलमान खान को कैमरे के सामने गंभीर पोज देते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि वो अपना गंजा लुक दिखा रहे हैं। तस्वीर में सलमान बिना शर्टलेस अंदाज में ऊपर से लेदर की जैकेट पहने दिख रहे हैं। उन्होंने जींस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया और फोटो में ऋतिक रोशन भी मैचिंग पैंट के साथ काले रंग का टैंक टॉप में देखे जा सकते हैं। वैसे आपको बता दें कि ये सलमान की न तो किसी आने वाली फिल्म की है और न ही हाल के सालों में आई फिल्मों की है। बल्कि यह एक थ्रोबैक फोटो है जिसका अब लोगों पर अटेंशन गया है और फोटो पर बढ़ चढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं।फोटो को देख एक यूजर ने लिखा, 'उनके पास फेस कार्ड है इसलिए उन पर कुछ भी काम करता है।' एक अन्य ने कहा, 'वो यहां रितिक पर भारी पड़ते हैं, ऐसा करना कठिन है!' एक यूजर ने कमेंट किया, 'बांद्रा का विन डीजल.' एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं सोच रहा था कि उसकी बेल्ट के आसपास क्या है।'



## दिल्ली क्राइम अंदर से झकझोर देगी

# सिर्फ 'खाकी' ही नहीं, रियल स्टोरी पर बेस्ड हैं ये 5 वेब सीरीज

***नई दिल्ली।** ओटीटी पर दर्शकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए अब मेकर्स भी दनादन वेब सीरीज पर लगातार काम करते नजर आ रहे हैं। आए दिन हमें ओटीटी पर एक नई वेब सीरीज देखने को मिल ही जाती हैं। आज हम आपको 5 ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दर्शकों ने बेहद पसंद किया और सारी वेब सीरीज सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है।*

### खाकी- द बिहार चैप्टर

यह एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जो नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित है। फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत शीतल भाटिया द्वारा निर्मित इस सीरीज को ओटीटी पर काफी पसंद किया गया और साथ ही लोगों ने जमकर इस सीरीज पर अपना प्यार भी लुटाया। इस सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा, निकिता दत्ता, ऐश्वर्या सुष्मिता, अनुप सोनी, श्रद्धा दास, नीरज कश्यप और भरत झा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज शेखपुरा जिला, नालंदा जिला और पटना जिला पर आधारित है।




### दिल्ली क्राइम

यह एक क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है, जो रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका पहला सीजन 2012 के दिल्ली गैंगरेप के बाद पर आधारित है। वहीं, दूसरा सीजन चड्डी बनियान गैंग पर बेस्ड है। यह सीरीज आपको अंदर से झकझोर कर रख देगी। इसी सीरीज में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग मुख्य भूमिकाओं में हैं। ओटीटी पर आते ही यह सीरीज छा गई थी। अगर आपने इस सीरीज को मिस कर दिया है, तो आपको इसे एक बार जरूर देखनी चाहिए। इस सीरीज को भी आप नेटफ्किक्स पर देख सकते हैं।




### स्कैम 2003

द तेलगी स्टोरीः यह सीरीज अब्दुल करीम तेलगी की रियल लाइफ पर बेस्ड है, जो तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित है, जिसमें हंसल मेहता सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। इस सीरीज को भी ओटीटी पर काफी पसंद किया गया। 2000 के दशक की शुरुआत में अब्दुल करीम तेलगी द्वारा किए गए स्टांप पेपर जालसाजी की सच्ची कहानी पर आधारित इस सीरीज में गगन देव रियार, मुकेश तिवारी, सना अमीन शेख, भरत जाधव, शाद रंधावा और दिनेश लाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं।इसे भी आप सोनी लीव देख सकते हैं।




### स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी

यह सीरीज हर्षद मेहता की रियल लाइफ पर बनाई गई थी, जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर देख सकते हैं।हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस सीरीज में प्रतीक गांधी नायक हर्षद मेहता की भूमिका में हैं, जबकि श्रेया धनवंतरी समानांतर मुख्य भूमिका में सुचेता दलाल के रूप में दिखाई दी थीं। वहीं, सतीश कौशिक, अनंत महादेवन, रजत कपूर, केके रैना, ललित परिमू, हेमंत खेर और निखिल द्विवेदी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज को भी आप सोनी लीव देख सकते हैं। शिक्षा मंडलः यह सीरीज व्यापम स्कैम में जुड़े लोगों पर बनी बनाई गई थी, जो सैयद अहमद अफजल द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें गुलशन देवैया, गौहर खान और पवन मल्होत्रा ने अभिनय किया है।



## खबर संक्षेप



### रचनात्मक कार्यों के जरिए बौद्धिक विकास करने समर कैंप की शुरुआत

**सीतापुर।** रचनात्मक गतिविधियों के साथ स्कूली बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु विकासखंड के सभी स्कूलों में समर कैंप की शुरुआत की गई। जिला शिक्षाधिकारी के निर्देशानुसार इस समर कैंप में बच्चों को रचनात्मक कार्यों के तहत नृत्य गीत वादन निबंध कहानी शुद्धलेखन का अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा शहर एवं गांवों में मौजूद ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धरोहर से परिचय कराने के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बीईओ मिथिलेष सिंह सेंगर ने बताया कि समर कैंप के आयोजन को लेकर शाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। इस आयोजन के तहत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कला एवं रचनात्मक कार्यो के जरिये बच्चों के अंदर क्षमता विकसित करना है।ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनका बौद्धिक विकास करना है।

### समर कैंप में कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा



**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का समापन तहसीलदार पुष्पराज पात्रा के मुख्य आतिथ्य व अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समर कैंप में कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों ने बढ़-कर कर भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में वैदिक मैथ्स अंतर्गत बच्चों को अंकगणित, बीजगणित और ज्यामिति के शॉर्टकट ट्रिक सिखाए गए। स्पोकन इंग्लिश में टेलिफोनिक कन्वर्जन, कंप्यूटर में एचटीएमएल पी पीटी, एक्सेल एमएस वर्ड आदि पर कार्य करना सिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।, मुख्य अतिथि पुष्पराज पात्रा ने कहा, समर कैंप बच्चों में आत्मविश्वास व रचनात्मक मे वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। हमें अपने बच्चों को समर कैंप में भेजना चाहिए। कैंप में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस दौरान छात्र छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में दी गई जानकारी



**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह व जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीप कुमार तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर में कूलर, छत की टंकी, फूलदान एवं पुराने टायर में जमा पानी से डेंगू के मच्छर पनपते है। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह साफ कर एवं ढक कर रखने तथा किसी भी व्यक्ति को तेज बुखार के साथ शरीर में चकत्ते दिखाई देने पर तत्काल जिला चिकित्सालय में डेंगू की जांच कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में सभी मितानीन एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चोरों ने दुकान के एल्वेस्टर छत तोड़ पार किया सामान

**अम्बिकापुर।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। क्षेत्र में चोर इस कदर सक्रिय है कि हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। बीती रात भी चोरों ने ग्राम असोला स्थित दुकान के एल्वेस्टर छत को तोड़ सामान चोरी कर ले गए। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी प्रयांशु जायसवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम असोला मुख्य मार्ग में हरि मंगलम एंटरप्राइजेज दुकान है। मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोला तो देखा दुकान के एल्वेस्टर छत टूटा हुआ था और दुकान में रखे दो लैपटॉप गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पशुपालकों का अटका 25 लाख का भुगतान

# पशुपालकों की सहकारी डेयरी पिल्खा क्षीर में आठ महीनों से लटक रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बात**

- प्रशासन डेयरी संचालन के लिए तलाश रहा निवेशक

पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से करोड़ों रूपए की लागत से संचालित महत्वाकांक्षी सहकारी डेयरी पिल्खाक्षीर ने पांच साल में ही दम तोड़ दिया। प्रशासनिक लापरवाही एवं व्यवसायिक अनुभव के अभाव में डेयरी में पिछले आठ महीने से ताला लटक रहा है। डेयरी बंद होने के बाद प्रशासन पीपीपी मॉडल पर संचालित करने पिछले छह महीने से निवेशक की तलाश कर रहा है लेकिन बदहाल डेयरी को फिर से कमाई का जरिया बनाने के लिए कोई निवेशक नहीं मिल रहा है। सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली में एनएच के किनारे बड़ी सब्जी मंडी संचालित होती है। सिलफिली सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान बहुतायात में सब्जियों का उत्पादन करते हैं। कई बार सब्जियों की लागत नहीं मिलने पर किसान अपनी फसल को खेतों में ही छोड़ देते हैं। सब्जियों के पत्ते आदि का कोई उपयोग नहीं होता। वर्ष 2018 में तत्कालीन कलेक्टर केसी देव सेनापति ने क्षेत्र में पशुपालन की संभावनाओं को देखते हुए सहकारी डेयरी संचालित करने की योजना बनाई एवं किसानों को प्रोत्साहित किया। प्रशासन द्वारा एनएच 43 के किनारे सर्वसुविधा युक्त सहकारी डेयरी पिल्खाक्षीर भवन का निर्माण करने के साथ ही अत्याधुनिक मशीने लगाई गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा वर्ष 2018 में उद्घाटन पश्चात डेयरी का संचालन प्रारम्भ किया गया। प्रारम्भ में क्षेत्र के पशुपालक डेयरी को 1500 लीटर से 2000 लीटर तक दूध की आपूर्ति करते थे। डेयरी द्वारा मक्खन रहित दूध पैकेट के साथ ही घी, पनीर, खोआ एवं विविध मिठाईयों का उत्पादन किया जा रहा था। डेयरी द्वारा उत्पादित अधिकांश घी,पनीर,खोआ एवं मिठाईयों की का विक्रय डेयरी के काउंटर एवं रेस्टोरेंट से होता था। संचालन की गड़बड़ी एवं प्रशासन द्वारा बार-बार प्रबंधन की जिम्मेदारी अपने चहेतों को सौंपने के कारण डेयरी की माली हालत बिगड़ने लगी। समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण किसान डेयरी से किनारा करने लगे। व्यवसायिक अनुभव के अभाव में प्रबंधन ने कोविड काल में डेयरी उत्पादों को खपाने के उद्देश्य से अपने डीलरों को उधार में दे दिया। लगातार मशक्कत के बावजूद डीलरों के पास कोरोना काल का 25 लाख से अधिक का बकाया अब तक नहीं मिल पाया। इधर महीनों तक दूध की कीमत नहीं मिलने के कारण पशुपालकों ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी जिसके कारण प्रबंधन को 10 सितम्बर 2023 को डेयरी में ताला लगाना पड़ा।

### बढ़ रही देनदारी

पिल्खाक्षीर कहने को तो किसानों की सहकारी संस्था है लेकिन संस्थान में शासकीय राशि व्यय होने के कारण प्रारम्भ से ही इसका संचालन पशु चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी करते रहे। डेयरी प्रबंधन ने कलेक्टर के निर्देशन में थक हारकर अब बकाया राशि वसूलने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों को सौंप दी है। तहसील द्वारा आरआरसी के तहत डीलरों से बकाया राशि की वसूली करेंगे। डेयरी प्रबंधन पर किसानों का 25 लाख से अधिक बकाया है। डेयरी के बिजली बिल का बकाया बढ़कर 50 लाख रूपए पहुंच गया है। डेयरी प्रबंधन पर अन्य देनदारियां भी है।

### दो टेंडर में नहीं मिले निवेशक

शासन की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में ताला बंद होने के बाद प्रशासन पिल्खा क्षीर का संचालन पीपीपी द्वारा करने की योजना बना रही है।

### चल रहा है काम

पिल्खा क्षीर का संचालन पीपीपी मॉडल से करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्य योजना पर काम चल रहा है। आचार सहिंता समाप्त होने पर इसका क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जाएगा।

-**रोहित व्यास**, कलेक्टर सूरजपुर



सड़क से उड़ रहे धूल के गुबार।

# धूल के गुबार ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

भारी वाहनों के लगातार आवागमन करने तथा धूल के गुबार से क्षेत्र वासी सहित राहगीर परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने धूल से निजात दिलाने तथा सड़क पर पानी छिड़काव कराने की मांग की है।

प्रतापपुर से अंबिकापुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जहां कोयला खदान महान 3 व मां महामाया शक्कर कारखाना संचालित है जिससे बड़ी संख्या में कोयला लोड करने वाले ट्रक, ट्रेलर वाहन सड़क किनारे खड़ी रहती है और निरंतर उसी रास्ते पर आवाजाही करते है। अंबिकापुर प्रतापपुर का सबसे व्यस्त सड़क है और आवागमन बना रहता है। लगातार ट्रकों के आने-जाने से वहां धूल का गुब्बारा उड़ते है जो दूर तक फैल जाता है। धूल के गुब्बार इस कदर उड़ते है कि दिन में भी अंधेरा छा जाता है। ऐसे में राहगीरों को पता नहीं चलता कि सामने से कौन सी गाड़ी आ रही कौन सी नहीं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इधर बाइक सवार राहगीरों की आंखों की रोशनी जाने की बराबर से आशंका बन रही है। धूल के वजह से लोगों की आंखों में बराबर संक्रमण हो रहा है और आसपास में होटल भी है जो की धूल रहित हो गया है जिसके कारण होटल का नाश्ता खाना भी खराब हो जाते है। ऐसा नहीं एसईसीएल प्रबंधन को लोगों के समस्या से अवगत नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने से लोग धूल के गुब्बार के बीच आवागमन करने तथा रहने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में सड़क पर धूल ज्यादा उड़ने पर अगर पानी का छिड़काव कर दे तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य करने के एवज में अर्जित अवकाश की मांग



**बैकुण्ठपुर।** छग संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ द्वारा 16 मई को जिला शिक्षा अधिकारी को मांग सह स्मरण पत्र सौंपा। संघ की मांग है कि संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक ग्रीष्म अवकाश के दौरान मुख्यालय में रहकर विभिन्न प्रकार के शासकीय कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं, जिसके एवज में उन्हें अर्जित अवकाश की पात्रता है।

समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक राज्य एवं जिले के द्वारा जारी आदेशों के परिपालन में विगत कई वर्षों से गर्मी की छुट्टियों में भी कार्य कर रहे हैं, इसके एवज में अर्जित अवकाश दिया जाना उनका अधिकार है और न्याय संगत भी है। ज्ञात हो कि प्रदेश के अन्य जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर नियमानुसार अर्जित अवकाश का लाभ संकुल शैक्षिक समन्वयक को दिए जाने के लिए सेवा पुस्तिका में भी इंद्राज किया गया है। संघ ने मांग की है कि इस संबंध में राज्य के अन्य जिलों की भाँति आदेश जारी करते हुए सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश इंद्राज किया जाए, ताकि हमारे संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक साथियों का मनोबल बना रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान संकुल छग संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष बृजराज गिरी, जिलाध्यक्ष भोलाराम साहू, प्रवक्ता अशोक गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश साहू, जिला सचिव अमर साय भगत, कोषाध्यक्ष शेर मोहम्मद रोशन, ब्लॉक अध्यक्ष संध्या मिश्रा, सह सचिव सुशील कुमार मिश्रा, रॉबर्ट जॉनसन तिग्गा, पुष्पराज यादव, निर्मल कुमार लकड़ा, चंद्र प्रताप कुशवाहा, छत्रपाल राजवाड़े, पुरूषोत्तम सिंह, वीरेन्द्र कुमार राजवाडे, मलाकी मिंज, मीडिया प्रभारी मोहम्मद नय्यर अंसारी सहित सीएसी शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# नर्सिंग कॉलेज में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का थीम मेजर योर ब्लड प्रेसर एकयूरेट्ली कंट्रोल ईट, लाइव लोंगर (अपने रक्तचाप को सही तरीके से नापे और इसे नियंत्रित करें, अधिक समय तक जीवित रहें)के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को बचाव एवं सही तरीके से रक्तचाप की जांच एवं उपचार के लिए जागरूक कराया जाना है। आम लोगों में उच्च रक्तचाप के संदर्भ में जागरूकता पैदा करना और इसकी गंभीरता को देखते हुए लोगों को इसे नियंत्रित करने के लिए छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी गई। उच्च रक्तचाप ऐसी स्थिति है, जिसके शुरूआत में समान्यतः कोई बाहरी लक्षण या संकेत नहीं दिखता है,इसलिए इसे साईलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। उच्च रक्तचाप के लक्षण-जिसमें से कुछ कारण शारीरिक और कुछ मानसिक होते हैं, जैसे तेज सिर दर्द, थकान, भ्रम, देखने में समस्या, सिने में दर्द, सास लेने में तकलीफ, अनियमित रूप से बढ़ने वाली दिल की धड़कन, यूरिन में बल्ड आना ऐसे लक्षण होने लगते हैं। उच्च रक्तचाप के कारण-नमक अधिक मात्रा में सेवन, अनियमित दिनचार्या, तनाव, धूम्रपान, नशीली चीजों का सेवन करना, अनियमित खानपान व अत्यधिक वजन का बढ़ना आदि। उच्च रक्तचाप के रोकथाम व उपचार-हरी, साग-सब्जियों एवं फलों का सेवन करना, नमक का कम उपयोग, नशीली एवं धूम्रपान का सेवन न करना, नियमित समय पर जांच एवं परामर्श कराना, योग एवं एक्सरसाईज नियमित रूप से करना। इस पूरे कार्यशाला का आयोजन संस्था के नर्सिंग फैकल्टी सुश्री संगीता चिकनजूरी के द्वारा एवं प्राचार्य डॉ.श्रीमती अंजना सैम्यूल के मार्गदर्शन में समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं नर्सिंग छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में किया गया।

# नमनाकला विद्युत सबस्टेशन में हुआ धमाका, आधा शहर ब्लैक आउट



शहर की अधेरी सड़क।



उप केन्द्र में मरम्मत करता विद्युतकर्मी

**अंबिकापुर।** गुरूवार की शाम नमनाकला स्थित 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन में तेज धमाका होने के साथ ही मुख्य मार्केट सहित शहर का आधा हिस्सा अंधेरे में डूब गया। विद्युतकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब उपकरणों को बदला तो देर रात आपूर्ति सुचारू हुई। पछुआ विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद तापमान में लगातार वृद्धि होने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी के कारण कूलर एवं एसी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। भीषण गर्मी में कूलर से भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में लम्बे समय तक शहर की विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण गुरूवार को लोग देर रात तक पसीना से तरबतर होते रहे। गुरूवार की शाम 7.15 बजे नमना कला स्थित 33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में तेज धमाका हुआ जिससे आधे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। आधे घंटे तक जांच पड़ताल करने के बाद पता चला सब स्टेशन का जंपर ब्लास्ट होने के साथ ही पैनल का रिले जल गया। विद्युत उपकेन्द्र में आई खराबी को ढूंढने के बाद विद्युत अधिकारी व कर्मचारी लगभग एक घंटे तक खराब उपकरणों को बदलने में व्यस्त रहे। उपकरणों को बदलने के बाद देर रात विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई।

## पेज 1 का शेष

### रिसर्च मेथेडोलॉजी एन्ड ...

डॉ. पवन कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया है। अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती कनकलता पैकरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिक्की राम, देवेन्द्र मिश्रा, श्रीमती अल्का दुबे, श्रीमती दीपशिखा शर्मा, विनय कुमार गुप्ता, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, श्रीमती सविता पैकरा, रितेश कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, नवनीत कुमार कश्यप, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा एवं चुन्नू उपस्थित रहे।

### शासकीय कर्मियों में ...

ब्लड प्रेशर पर भी असर पड़ता है। इस बारे में जिला अस्पताल बैकुंठपुर में पदस्थ डॉक्टर एके सिंह (एमडीमेडिसिन) का कहना है कि अलग-अलग लोगों के ब्लड प्रेशर पर गर्म मौसम और अत्यधिक आर्द्रता यानी ह्यूमिडिटी का अलग-अलग प्रभाव हो सकता है। ऐसे में उन्होंने इसके कुछ मुख्य कारण बताए हैं।
डिहाइड्रेशन- अकसर हाई तापमान और ह्यूमिडिटी के कारण गर्मियों में ज्यादा पसीना निकलने लगता है। ऐसे में अगर पर्याप्त मात्रा में पानी या अन्य तरल पदार्थ नहीं पी रहे हैं, तो डिहाइड्रेशन हो सकता है। डिहाईड्रेशन के कारण खून में पानी की कमी हो जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर और भी कम हो सकता है और बेहोशी या चक्कर आना जैसे नजर आ सकते हैं। हीट स्ट्रेस- लंबे समय तक ज्यादा तापमान के संपर्क में रहने से गर्मी में थकावट या हीट स्ट्रेस हो सकता है, जो आपकी हार्ट हेल्थ पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, इससे ब्लड प्रेशर में वेरिएशन्स हो सकता है, जो शरीर में गंभीर तनाव का अनुभव होने पर बढ़ सकता है या वासोडिलेशन और डिहाईड्रेशन के परिणामस्वरूप कम हो सकता है। वासोडिलेशन- ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने और शरीर की कूलिंग प्रोसेस में मदद करने के प्रयास में ब्लड वेसल्स आमतौर पर गर्म मौसम में फैलती हैं। इस वासोडिलेशन के परिणामस्वरूप ब्लड प्रेशर कम हो सकता है, ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर को गर्म और उमस भरे मौसम में खुद को ठंडा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ब्लड प्रेशर रेगुलेशन होता है प्रभावित-गर्मियों में अक्सर तेज धूप और गर्मी की वजह से ढेर सारा पसीना आता है,इससे न सिर्फ शरीर का पानी खत्म होता है, बल्कि नमक और पोटेशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी नष्ट हो जाते हैं। इन इलेक्ट्रोलाइट्स में असंतुलन सामान्य रूप से हार्ट हेल्थ और विशेष रूप से ब्लड प्रेशर रेगुलेशन को प्रभावित कर सकता है।

### ट्यूबवेल के करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**बिश्रामपुर।** घर से मवेशी चराकर जंगल से लौटे एक ग्रामीण की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामेश्वरपुर ऊपरपारा निवासी 47 वर्षीय रंगलाल बरगाह पिता स्व. लालचंद बुधवार को सुबह घर के मवेशियों को लेकर मुड़ापारा जंगल की तरफ़ गया था। जहां से वापस लौटने उपरांत ग्रामीण स्नान करने हेतु ट्यूबवेल को चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया।

TOP IN KOREA
मन भर के खेती जी भर के ढुलाई
कीमत ₹511733*
तभी तो होगी साल भर की कमाई
नया स्वराज 733 FE
35 HP (CAT.) (20.60kw)
37 HP (CAT.) (22.00kw)
कीमत ₹559995* नियम व शर्तें लागू :- ✦ ऑफर छत्तीसगढ़ डीलर के सौजन्य से ✦ ऑफर एक्सचेंज पर लागू नहीं ✦ इंश्योरेंस तथा रजिस्ट्रेशन एक्स्ट्रा ✦ वह स्कीम स्टॉक रहने तक लागू है।
स्वराज ट्रैक्टर्स की अधिक जानकारी के लिए नजदीकी डीलरशीप्स से संपर्क करें या कॉल करें
SWARAJ लवली मोटर्स
आवश्यकता है : मैनेजर-2, सेल्समेन-4, ऑपरेटर-2, स्टोरकीपर-2, हेल्पर-3 युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
ब्रांच: मनेन्द्रगढ़, जनकपुर, नागपुर
मेन रोड भांडी बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) 9340669531, 9826361948, 7354498888

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

Narayana Health | MMI
हार्ट केयर
हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर मनेन्द्रगढ़ में
डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण
• सीने में दर्द
• साँस लेने में तकलीफ
• जल्दी थक जाना
• अनियमित हृदय गति
• सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
• बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
18 मई 2024, शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक
पोद्दार केयर एंड डायग्नोस्टिक्स, रेलवे क्रॉसिंग के पास, मौहारापारा, मनेन्द्रगढ़
हमारा नेटवर्क: 19 अस्पताल | 3 हार्ट सेंटर | भारत के 14 शहरों में | 21 क्लिनिक | 110+ स्पेशलिटीज
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर 98278 72666

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411